(1). “मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा “मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी

रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).**

प्रेसनोट- चित्रकूट पुलिस

➡️ रिजर्व पुलिस लाइन चित्रकूट में 'दीक्षांत परेड समारोह 2025-26 का भव्य आयोजन; मुख्य अतिथि जिलाधिकारी चित्रकूट श्री पुलकित गर्ग द्वारा ली गयी परेड की सलामी।

पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेशानुसार RTC पुलिस लाइन चित्रकूट को 450 रिक्रूट आरक्षी दिनांक 21.07.2025 से 09 माह के आधारभूत प्रशिक्षण हेतु आवंटित हुए थे। जिसमें JTC चित्रकूट के 237, JTC प्रतापगढ़ के 90, JTC प्रयागराज के 122 प्रशिक्षु शामिल थे। JTC चित्रकूट से एक प्रशिक्षु के अवकाश से अनुपस्थित हो जाने के कारण RTC में 449 रिक्रूट आरक्षियों का आधारभूत प्रशिक्षण दिनांक 21.07.2025 को आरम्भ हुआ था।

आज दिनांक 26 अप्रैल 2026 को आरटीसी रिजर्व पुलिस लाइन, जनपद चित्रकूट के प्रांगण में 'रिक्रूट आरक्षी दीक्षांत परेड समारोह 2025-26' का अत्यंत गरिमामय और भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस गौरवशाली अवसर पर रिक्रूट आरक्षियों ने अपने कठिन प्रशिक्षण के उपरांत शानदार परेड का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्री पुलकित गर्ग रहें।

समारोह का मुख्य विवरण:
कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 08:00 बजे परेड कमांडर तृतीय द्वारा परेड को परेड स्थल पर लाने के साथ हुआ। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के आगमन पर उनका विधिवत अभिवादन किया गया। मुख्य अतिथि के आगमन के उपरांत उन्होंने परेड की सुसज्जित टोलियों का निरीक्षण किया और उनके द्वारा दी गई सलामी स्वीकार की।

मा0 मुख्यमंत्री जी का संबोधन एवं सजीव प्रसारण:

समारोह के दौरान माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, श्री योगी आदित्यनाथ जी के संबोधन का सजीव प्रसारण (Live Broadcast) किया गया। रिक्रूट आरक्षियों ने मुख्यमंत्री जी के संदेश को ध्यानपूर्वक सुना, जिसमें उन्होंने पुलिस बल को आधुनिक, संवेदनशील और अपराध के प्रति सख्त होने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण विवरण एवं उत्कृष्ट सम्मान:
रिक्रूट आरक्षियों के कठिन प्रशिक्षण का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि महोदय ने अपने संबोधन में नवनियुक्त आरक्षियों को अनुशासन और कर्तव्यपरायणता का पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निम्न रिक्रूटों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**<u>बाह्य विषय ट्राफी व प्रमाण पत्र-</u>**

**रि0आ0 सर्वजीत (शारीरिक प्रशिक्षण), रि0आ0 आशुतोष कुमार यादव (पदाति प्रशिक्षण),रि0आ0 बृजा नन्द यादव(शस्त्र प्रशिक्षण ,जंगल प्रशिक्षण, फील्ड क्राफ्ट, टैक्टिक्स), रि0आ0 रवि प्रसाद(भीड़ नियन्त्रण),रि0आ0 रितेश कुमार पटेल(यू0ए0सी0),रि0आ0 रामजनम सिंह(योगासन),रि0आ0 शारदा प्रसाद पाल (यातायात नियन्त्रण), रि0आ0 बृजा नन्द यादव (आंतकवाद व डकैती निरोधक प्रशिक्षण एवं वन मिनट ड्रिल),अमित कुमार गोंड विशिष्ट(तलाशी अभियान)**

**<u>अंत: विषय ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र-</u>**

**सुरेश कुमार उपाध्याय (पुलिस का इतिहास, पुलिस संगठन, अन्तर्विभागीय समन्वय, पुलिस कार्यप्रणाली एवं अनुशासन),धीरज कुमार विश्वकर्मा-पुलिस विज्ञान- प्रथम (अपराध शास्त्र एवं अपराध नियन्त्रण, विवेचना, अभियोजन एवं पुलिस रेगुलेशन),विवेक कुमार सिंह -पुलिस विज्ञान- द्वितीय (सुरक्षा, लोक व्यवस्था, आपदा प्रबन्धन, यातायात नियन्त्रण, पुलिस रेडियो एवं दूरसंचार, गार्द ड्यूटी, बन्दी स्कोर्ट, हवालात ड्यूटी)आकाश कुमार (भारतीय संविधान, मानवाधिकार तथा बाल संरक्षण एवं लैंगिक संवेदनशीलता, पुलिस आचरण, व्यवहार एवं संवाद कौशल)आकाश कुमार (अपराध विधि- भारतीय न्याय संहिता 2023/भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता 2023/भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023),शुभम यादव(विविध अधिनियम),आशुतोष कुमार यादव(कम्प्यूटर साइंस एवं साइबर क्राइम),विक्रम सिंह(विधि विज्ञान, विधि चिकित्सा शास्त्र, प्राथमिक उपचार)**

**<u>अन्य ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र-</u>**

पद एवं गोपनीयता की शपथ:
समारोह के अंतिम चरण में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा सभी रिक्रूट आरक्षियों को देश की सेवा, संविधान के प्रति निष्ठा और जनसुरक्षा की पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के उपरांत टोलियों ने गौरवपूर्ण तरीके से प्रस्थान किया।

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा मुख्य अतिथि महोदय को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राजकमल,क्षेत्राधिकारी यातायात श्री यामीन अहमद,प्रतिसार निरीक्षक श्री रामाशीष यादव, पुलिस अधि0/कर्म0गण सहित रिक्रूट आरक्षियों के परिवारीजन व भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे ।